उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, बुधवार, 16 सितंबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

आयुष छात्रों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, OPD रही बंद।



संवाददाता हर्ष राठी अलीगढ़। आयुष छात्रों के स्टाइपेंड में वृद्धि की मांग को लेकर पिछले 6 दिनों से अलीगढ़ के होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है छात्रों ने सरकार से मांग की कि आयुष इंटर्न्स को मिलने वाले स्टाइपेंड को वर्तमान ₹7,500 से बढ़ाकर ₹25,000 प्रतिमाह किया जाए।प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि आयुष इंटर्न्स का स्टाइपेंड वर्ष 2011 से अब तक नहीं बढ़ाया गया है, जबकि इस दौरान महंगाई और जीवन-यापन की लागत में काफी वृद्धि हुई है। छात्रों ने कहा कि इंटर्नशिप के दौरान वे अस्पताल में मरीजों की देखभाल, OPD एवं अन्य चिकित्सकीय कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उन्हें वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप सम्मानजनक स्टाइपेंड मिलना चाहिए।इसी मांग को लेकर छात्रों ने आज कॉलेज परिसर में एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और OPD को बंद रखकर सरकार का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित किया। छात्रों ने सरकार से जल्द से जल्द स्टाइपेंड बढ़ाने पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।आयुष यूनाइटेड एसोसिएशन (AUA) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित यादव ने कहा, “आयुष छात्र और इंटर्न लंबे समय से अपने अधिकार के लिए आवाज उठा रहे हैं।

एक नज़र में

शाहीन अकैडमी में प्रदर्शन के बाद माहौल शांत, छात्रों की मांग पर प्रबंधन ने दो शिक्षकों को हटाया।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

शाहीन अकैडमी में प्रदर्शन के बाद माहौल शांत, छात्रों की मांग पर प्रबंधन ने दो शिक्षकों को हटाया।



संवाददाता हर्ष राठी जवां: सोमवार को शाहीन अकैडमी के छात्रों द्वारा बेकार खाना एवं शिक्षकों द्वारा दुर्व्यवहार की मांग को लेकर किए गए प्रदर्शन के बाद अकैडमी प्रबंधन ने दो शिक्षकों को अकैडमी से बाहर का रास्ता दिखा दिया साथ ही खाने की गुणवत्ता में भी सुधार किया है जिस पर छात्रों ने संतुष्टि जाहिर की। सोमवार को अमरोली बंबा रोड स्थित शाहीन अकैडमी के छात्रों ने खाने की गुणवत्ता एवं अध्यापकों द्वारा छात्रों से किए जा रहे दुर्व्यवहार को लेकर जमालपुर बंबा स्थित एफएम टावर के पास तीखा प्रदर्शन किया था जहां पुलिस ने प्रबंधन को बुलाकर छात्रों से वार्ता कराई थी जिस पर अकैडमी प्रबंधन द्वारा दोषी शिक्षकों को हटाने एवं खाने की गुणवत्ता सुधारने का आश्वासन दिया...